वन अनुसंधान संस्थान
(भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद)
नोटिस/5–1/2015/आरसीएस (एडव) जून, 2015

साक्षात्कार

वन अनुसंधान संस्थान के रसायन प्रभाग में वाह्य निधीयित परियोजना शीर्षक **"मैचूरेशन ऑफ माल्ट स्प्रिट"** के अन्तर्गत पूर्ण रूप से संविदा के आधार पर जूनियर रिसर्च फैलो (01) का पद भरने के लिए वन अनुसंधान संस्थान मुख्य भवन के प्रमंडल कक्ष (बोर्ड रूम), डाकघर न्यू फॉरेस्ट, देहरादून – 248 006 में **दिनांक 19 जून, 2015 को पूर्वाह्न 10.00 बजे से** साक्षात्कार लिया जाएगा। इच्छुक और पात्र अभ्यर्थी समूह समन्वयक अनुसंधान, वन अनुसंधान संस्थान, डाकघर न्यू फॉरेस्ट, देहरादून (उत्तराखण्ड) के कार्यालय में जमा करने के लिए अपने साथ सभी शैक्षिक प्रमाण पत्रों एवं सम्बद्ध दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतिलिपियां और हाल ही के पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ बायोडाटा की प्रति लेकर आएं। साक्षात्कार में भाग लेने के लिए अलग से कोई पत्र नहीं भेजा जाएगा।

क्र.सं.	परियोजना का नाम और पी आई	पद	फैलोशिप की संख्या	शैक्षिक योग्यता
1.	यूनाइटेड स्प्रिट्स लि0, बंगलौर द्वारा प्रायोजित **"मैचूरेशन ऑफ माल्ट स्प्रिट"** पी.आई. डा0 विनीत कुमार, वैज्ञानिक	जूनियर रिसर्च फैलो	एक	आवश्यकःआर्गेनिक कैमेस्ट्री/फार्मास्यूटिकल कैमेस्ट्री/एनालिटिकल/नेचूरल प्रोडक्ट कैमेस्ट्री में प्रथम श्रेणी में एम.एस.सी. अथवा; फार्मास्यूटिकल कैमेस्ट्री; फार्मास्यूटिक्स में एम फार्मा

वजीफा एवं कार्यकाल : प्रतिमाह केवल रू0 12,000/= (बारह हजार केवल) वजीफा दिया जाएगा। कार्यकाल प्रारम्भ में एक साल अथवा परियोजना समापन अवधि तक, जो भी पहले होगा, के लिए होगा और जिसे भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् के नियमों के अनुसार बढ़ाया जा सकता है।

आयु : ऊपरी आयु सीमा 01.06.2015 को 28 साल है, जिसमें एससी, एसटी, ओबीसी, महिला और शारीरिक रूप से विकलांग से संबंधित अभ्यर्थियों को पांच साल तक की छूट देय है।

सामान्य शर्तें: फैलोशिप भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् के नियमों के तहत प्रदान की जाएगी और यह परिषद् के अधीन किसी भी संस्थान में रोजगार की गारंटी नहीं देता है। साक्षात्कार में भाग लेने के लिए कोई भी यात्रा भत्ता/मंहगाई भत्ता नहीं दिया जाएगा।

समूह समन्वयक (अनुसंधान)
वन अनुसंधान संस्थान,
देहरादून